**Title:** Need to establish a Central Agriculture Research Institute in Bahraich district , U.P-Laid.

**श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच):** उत्तर प्रदेश का पुनर्गठन होने के उपरांत कृाि विश्वविद्यालय पंत नगर वर्तमान में उतरांचल का हिस्सा हो जाने के कारण उत्तर प्र ादेश के तराई क्षेत्र में कृाि शोध एवं विकास हेतु कोई संस्थान नहीं है। सौभाग्य से मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद बहराइच में गिरिजापुरी सेन्ट्रल स्टेट फार्म है, जिसमें हजारों एकड़ भूमि है, जहां पर नई तकनीक से बीज पैदा करने का काम चल रहा है। कृाि की दृटि से यह क्षेत्र काफी पिछड़ा है। इस क्षेत्र के कृाि विकास के लिए एक तराइ कृाि अनुसंधान संस्थान की अत्यंत आवश्यकता है। अतः आपसे अनुरोध है कि जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश में एक केन्द्रीय तराइ कृाि अनुसंधान संस्थान खोलने की स्वीकृति देने का कट करें।